# तोरी बगिया में आम की डाल कोयल बोले कुहू कुहू

तोरी बगिया में आम की डाल,
कोयल बोले कुहू कुहू ।bd।

---

बगिया में माई आसन लागो,
आसन बैठो आन,
कोयल बोले कुहू कुहू ।bd।

---

बाग़ में तोरी झूला डरो है,
झूला झूलो आन,
कोयल बोले कुहू कुहू ।bd।

---

बाग में भोजन थाल लगी है,
जीमो जीमो आन,
कोयल बोले कुहू कुहू ।bd।

---

बाग में तोरी दुखिया बैठे,
विनती सुनलो आन,
कोयल बोले कुहू कुहू ।bd।

---

'राजेंद' भेंट लये ठाड़े हैं,
भेंट लो जल्दी आन,
कोयल बोले कुहू कुहू ।bd।

---

तोरी बगिया में आम की डाल,
कोयल बोले कुहू कुहू ।bd।

गीतकार / गायक – राजेंद्र प्रसाद सोनी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com